वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 230 सोमवार 18 दिसम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## बेला सुलाखे, मधुरा दातार और श्याम राज ने बांधा समा

### 'सुनहरे गीत और कुछ यादें' कार्यक्रम में हुआ जयपुर-मुंबई के गायकों का संगम



**जयपुर. कासं।** शहर में बॉलीवुड के गीतों से सराबोर ''सुनहरे गीत और कुछ यादें'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिड़ला ऑडिटोरियम में सिंगर राजेश शर्मा के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में एक ओर जहां बॉलीवुड गोलडन एरा के तीन मशहूर कलाकार गायिका बेला सुलाखे, मधुरा दातार और सेक्सोफोन वादक श्याम राज ने अपनी दिलकश प्रस्तुतियों से शहर के संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया। वहीं जयपुर के दस नामी गायक गायिकाओं ने भी एक से बढ़कर एक गीत गाकर ये जता दिया कि मौका मिले तो जयपुर की प्रतिभाएं भी किसी से कम नहीं। ये कार्यक्रम संकल्प कल्चरल सोसायटी की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुंबई के इन कलाकारों के अलावा जयपुर के राजेश शर्मा, डॉ. साकेत माथुर, जय शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, जया शर्मा, राजश्री सेमंत, किशोर सरावगी, सतीश जैन, सरिता काला और हेमंत सेकिया भी कई सुपर हिट गीतों की एकल और युगल रूप से प्रस्तुति देकर पूरे बिड़ला ऑडिटोरियम को बॉलीवुड के रंग मे रंग लिया।

## हर्षोल्लास से निकली बरात

### तुलसी शालिगराम विवाह महोत्सव और बांके बिहारी पाटोत्सव मनाया



**जयपुर. कासं।** श्रीशुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में श्री बांके बिहारी जी के प्राकट्य उत्सव व राम जानकी विवाह पंचमी के उपलक्ष्य में शालिगराम जी सरकार की बरात आमेर रोड स्थित बद्रीनाथ जी मंदिर से वैष्णो भक्तों ने रथ पर विराजमान करके हरि नाम कीर्तन के साथ बड़े हर्षोल्लास से निकली व विवाह स्थल पहुंची। ठाकुर जी का विवाह उत्सव सरस परिकर द्वारा वेद मंत्र द्वारा स्वागत व बन्ना बन्नी गायन पूर्ण विधि विधान से आयोजित किया गया। भक्तों के उत्साह को देखकर विदेशी मेहमान भी अपने आप को बारात में नाचने से नहीं रोक पाए। प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि बारात का स्वागत पुष्प मालाओं से हुआ और पूरे विधि-विधान के साथ ठाकुर और तुलसी जी का पाणिग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## एसबीआई एम्पलाइज एसोसिएशन के पदाधिकारियों का स्वागत-अभिनंदन समारोह



### राजस्थान से महेश मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कमलेश गुप्ता, अनिल शर्मा, रामकृष्ण को सचिव बनें

**जयपुर. कासं।** ऑल इंडिया एसबीआई एम्पलाइज एसोसिएशन का राष्ट्रीय सम्मेलन लुधियाना में संपन्न हुआ। सम्मेलन के खुले सत्र में 900 कर्मचारियों ने भाग लिया, जिसमें राजस्थान से 60 प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन का उद्घाटन एआईबीईए के महासचिव वेंकैट्चलम ने किया। वेंकटचलम ने कहा कि बैंकों में आज भी 2 लाख पद रिक्त हैं जिन्हें सरकार भरना नहीं चाहती जिससे ग्राहक सेवा प्रभावित हो रही है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के उप कुलपति सतबीर सिंह गोसाल ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कृषि के विकास में अहम योगदान रहा। सम्मेलन में राजस्थान से महेश मिश्रा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कमलेश गुप्ता, अनिल शर्मा, रामकृष्ण को सचिव व राहुल पांडे, केके शर्मा, सन्नी आदिवाल एवं प्रहलाद सिंह को कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का रविवार को एसबीआई जयपुर के कर्मचारियों ने तारक भवन में अभिनंदन स्वागत किया।

# रक्तदान महादान की भावना से लगाया रक्तदान शिविर



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

स्व. श्री गेन्दीलाल कुमावत जी की पुण्यतिथि एवं स्व. श्री मती मनफूल देवी की पुण्य स्मृति में तृतीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन उाँ 99 सत्य विहार कॉलोनी , लाल कोठी मे दिनाक 17 दिसंबर 2023 को किया गया। इस अवसर पर सभी रक्त दाताओं का सम्मान कार्यक्रम संयोजक श्री शेखर कुमावत , श्री राजीव आसलीवाल व प्रमुख रत्न व्यवसायी पीयूष गर्ग और प्रमुख समाज सेवी व व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक आदर्श नगर प्रमोद जैन भँवर द्वारा किया गया।

# आर्यिका 105 भरतेश्वरमति माताजी के सानिध्य में हुई श्री जी की शांति धारा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पारस विहार,मुहाना मंडी मे स्थित चिंतामणी पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आज दिनांक 17.12.23 को आर्यिका 105 भरतेश्वरमति माताजी के सानिध्य में ससंघ की दीदी एवं सत्यनारायण जी भैया द्वारा आदिनाथ भगवान के अभिषेक एवं शान्ति धारा करके पुण्यांजन का संचय किया।

# अर्हम ध्यान योग शिविर हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न



**पारस जैन पार्श्वमणि. शाबाश इंडिया**

कोटा ।परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्या सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि 108 श्री प्रणम्य सागर जी महाराज द्वारा प्रणीत दो दिवसीय अर्हम्-ध्यान योग शिविर अर्हम्- भवन जैन जनोपयोगी भवन कोटा में 16 एवं 17 दिसम्बर को सकल दिगंबर जैन समाज समिति कोटा व अर्हम टीम कोटा के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। दो दिवसीय योग के मंदसौर से पधारे योग प्रशिक्षक चिन्मय जैन कियावत भैया के पावन सानिध्य में 60 प्रतिभागियों योग व ध्यान की बारीकियों को जाना तथा साथ ही हमारी जीवन शैली खानपान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। शिविर में हमारे जीवन मूल्य क्या होने चाहिए और हमे हर किसी के प्रति प्रेम व क्षमा भाव से रहना चाहिए और हम कैसे इन मूल्यों को अनुपालना करे इसके बारे में बताया गया। गौ सेवा, इंडिया नहीं भारत बोले स्वच्छ भारत अभियान में हम कैसे अपना योगदान दे और अपने साथ अपने परिवार व दूसरो को कैसे स्वस्थ रखे की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कोटा शहर के श्रावको का बहुत ही अच्छा योगदान रहा आप सभी के सहयोग के साथ ही अकलंक स्कूल एसोसियेशन शिविर में योगदान दिया गया। सकल दिगम्बर जैन समाज से विमल जैन, विनोद टोरडी, जे के जैन, नरेश वेद, श्री प्रकाश बज, प्रकाश ठोरा,विकास जैन, पीयूष बज, ऐश्वर्या जैन, श्रीमति निशा वैद आदि उपस्थित रहे। साथ ही अर्हम टीम कोटा से अंकेश जैन अंजली जैन किरण जैन मेघना जैन निधि सेठी अजीता सेठी कमल जैन जय कुमार जैन आदि का विशेष योगदान रहा।

# रक्तदान शिविर आयोजित





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जी-22 ग्रुप शास्त्री नगर जैन समाज द्वारा 24वां रक्तदान शिविर राज श्री पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। कुल 153 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सिविल लाईन विधायक गोपाल शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा उद्घाटनकर्ता समाजश्रेष्ठी नेमिचंद जी छाबड़ा थे। संयोजक डॉ. विपिन जैन तथा चन्द्र प्रकाश ने बताया कि शिविर में छात्र-छात्राओं तथा पुरुष महिला वर्ग ने उत्साह से भाग लिया। रक्तदान शिविर के अतिरिक्त डाईबिटिज, चर्म, हड्डी रोग एवं फिजियों थैरेपिस्ट ने भी अपनी परामर्श निःशुल्क सेवाएं प्रदान की।

# जैन सोश्यल ग्रुप सीकर की नवीन कार्यकारिणी का गठन

## सांवरमल पाटनी अध्यक्ष एवं अनिल जैन मंत्री बने



**वी के पाटोदी. शाबाश इंडिया**

सीकर। जैन सोश्यल ग्रुप सीकर की नवीन कार्यकारिणी का गठन रविवार को स्थानीय जैन भवन में आयोजित ग्रुप की साधारण सभा में चुनाव अधिकारी मनोज बज व सहचुनाव अधिकारी संजय बड़जात्या की देखरेख में सम्पन्न हुए । मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज बज ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी में संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप पहाड़िया जीजोठ वाले, निवर्तमान अध्यक्ष नॉमिनेटेड जयंत पाटोदी , निवर्तमान अध्यक्ष इमेडिएट मनोज बाकलीवाल, अध्यक्ष सांवरमल पाटनी, उपाध्यक्ष अंकुर छाबड़ा, मंत्री अनिल जैन, उपमंत्री रितेश रारा, कोषाध्यक्ष सुनील पहाड़िया को मनोनीत किया गया। विवेक पाटोदी ने बताया कि कार्यकारिणी सदस्यों में विमल मोदी, योगेश बाकलीवाल, प्रबोध पहाड़िया, अनिल छाबड़ा, निशांत गंगवाल, विवेक कुमार पाटोदी, वैभव पाटोदी, मनोज सेठी खूड़ , राकेश पहाड़िया, प्रदीप बिनायक्या, सुनील छाबड़ा सेसम, अभिषेक सेठी, अंशु काला को मनोनीत किया गया ।

# इंटरनल हॉस्पिटल में स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जवाहर सर्किल स्थित इंटरनल हॉस्पिटल में दिगंबर जैन महासमिति मानसरोवर संभाग के सौजन्य से एक स्वास्थ परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विनय गुप्ता एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप नूनीया ने भाग लिया। डॉ विनय गुप्ता ने हड्डी रोग से संबंधित समस्याओं जैसे जॉइंट पेन, घुटनों का घिस जाना, फ्रैक्कर, फुट एवं एंकल से संबंधित समस्याएं की रोकथाम एवं इलाज के बारे में बताया तथा डॉक्टर संदीप नूनिया ने सीनियर सिटीजंस में प्रोस्टेट के बड जाने, स्टोन से बचने एवम्मूत्र रोग संबंधित समस्याओं एवं उनके इलाज पर प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता राजेश शाह अध्यक्ष एवं सौभाग्य मल जैन मंत्री दिगंबर जैन महासमिति मानसरोवर संभाग, ने की। संयोजक महावीर बाकलीवाल एवं मेडिकल प्रकोष्ठ प्रभारी निर्मल संघी का भी विशेष सहयोग रहा। परिचर्चा में स्वास्थ्य परिचर्चा में लगभग 80 मेंबर उपस्थित रहे तथा सभी ने डॉक्टर के इस प्रयास की सराहना भी की।

# सीसीपीए राजस्थान, जयपुर द्वारा आज सम्मान समारोह संपन्न

## डॉ. 'मणि' ने होम्योपैथी की बारिकियां बताई



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सीसीपीए राजस्थान, जयपुर द्वारा आज सम्मान समारोह का आयोजन बजाज कालोनी स्थित सामुदायिक केंद्र पर प्रातः 10-30 पर आयोजित किया गया जिसमें करीब 200 सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ परिचर्चा विशेषज्ञों द्वारा दी गई। डां मुकेश शर्मा ने ने रोगों पर विस्तृत प्रकाश डाला व सदस्यों के प्रश्नों के जवाब दिये।डां विजय कुमार ने अस्ती रोगों का विश्लेषण किया। ई एन टी विशेषज्ञ डां मोहनीश ग्रोवर ने मूक-बधिरों के लिए कोकलियर इम्लांट तकनीक के बारे में विस्तार पूर्वक बताया व अनेक मरीजों को प्रस्तुतकर इस तकनीक पर जोर दिया गया। इसी क्रम में अन्तरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ होम्योपैथ डां.एम.एल जैन 'मणि' ने सदस्यों से चर्चा में होम्योपैथी की बारीकियों के बारे में बताया।सदस्यों ने इनके विचार पर कई समस्यायें बताई व सदस्यों को अपने रोगों के निदान के लिए मोबाइल 8949032693 पर निःशुल्क परामर्श देने को कहा। सीजीपीए अध्यक्ष श्री आर पी शर्मा ने सभी चिकित्सकों को शाल ओढाया, श्री महेन्द्र रावकां ने माला पहनाई व मोमेन्टों दिया। सभी सदस्यों को कार्यक्रम के दोरान चाय सर्व की गई व लंच कराया गया।

## वेद ज्ञान

# बुद्धि का विकास आवश्यक

बुद्धि का विकास आवश्यक है। हम बुद्धि का विकास किस ओर करते हैं, यह बात विचारणीय है। बुद्धि का विकास हम दो दिशा में कर सकते हैं। प्रथम, हम बुद्धि को सही दिशा देकर उसे ज्ञान की उच्चतम अवस्था की उपलब्धि करा सकते हैं। कहने का आशय यह है कि हम बुद्धि को बाह्य जगत से मोड़कर अपने अंतर्मन की ओर अग्रसारित करा सकते हैं, जिससे वह अपनी आत्मा के आलोक को प्राप्त कर ले और यही मनुष्य जन्म प्राप्त करने का सच्चा व यथार्थ उद्देश्य है। देश में इसी दिशा की ओर सभी महापुरुष चले हैं। उनके द्वारा वह उन्नति प्राप्त की गई है। इस कारण उन्होंने समाज व संसार को सही रास्ता दिखलाया। बुद्धि भावना से जुड़कर आत्मिक उन्नति को प्राप्त कर पाती है। इसके विपरीत बुद्धि जब भावना का परित्याग करते हुए मात्र बुद्धिवादी बनकर आगे बढ़ती है, तब वह इंद्रियों के सुखों की पोषक होती है। वह इस ओर लग जाती है कि किस प्रकार से शरीर के सुख के लिए अधिक से अधिक योगदान किया जा सके। शरीर सुख ही मुख्य उद्देश्य रह जाता है। जैसा कि आजकल दृष्टिगोचर हो रहा है। आज समाज बिखर रहा है। क्यों? इसलिए कि लोग केवल बुद्धिवादी होकर रह गए हैं। भावना का परित्याग कर दिया गया है। बुद्धि की बाजीगरी चल रही है। लोग कैसे-कैसे झूठ, फरेब, छल, कपट को ओढ़ते चले जा रहे हैं। बुद्धि से तमाम पैंतरे करते रहते हैं। हर तरफ बिखराव की स्थिति दिखाई पड़ती है। सब एक-दूसरे को दोष देते रहते हैं, मगर वे क्यों नहीं समझ पाते कि भाव का परित्याग कर केवल बुद्धिवादी बनकर वैतरणी नहीं पार की जा सकती। आज बुद्धि की समस्त चेष्टाएं संसार की ओर अग्रसर हो चुकी हैं। ठगी का बाजार गर्म है। वे इस बात को भूल गए हैं कि हम किस देश के रहने वाले हैं, जहां बुद्धि का विकास अपने चरमोत्कर्ष पर रहा है। बुद्धि को संसार में उतना ही प्रयुक्त किया जाता रहा है जिससे सही जीवनयापन हो सके, न कि अंधी सांसारिक सुखों की दौड़ में लहूलुहान हो जाए। अब पुनः बाहर की दौड़ पर लगाम लगाकर अपने यथार्थ सुख की प्राप्ति की ओर बुद्धि को ले जाना होगा। बुद्धि को रचनात्मक कार्यों की ओर लगाना होगा।

## संपादकीय

# बलात्कार के दोषी विधायक को पच्चीस वर्ष की सजा

कई बार बड़े नेताओं, खासकर विधायकों और सांसदों को किसी अपराध के मामले में सजा दिलाना कठिन होता है। कद-पद का लाभ उठा कर ऐसे नेता न केवल अपने अपराधों के खिलाफ उठने वाली आवाज को दबा देते, बल्कि कुछ मामलों में कानून की पकड़ से भी बचे रहते हैं। मगर उत्तर प्रदेश में दुद्धी से एक भाजपा विधायक को बलात्कार के अपराध में जो सजा सुनाई गई, उससे साफ है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। गौरतलब है कि सोनभद्र के न्यायालय ने नाबालिग बच्ची से बलात्कार के दोषी साबित हुए एक विधायक को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम यानी पाक्सो के तहत पच्चीस वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर दस लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। बलात्कार की इस घटना में नौ साल पहले प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अब लंबी सुनवाई के बाद अदालत का यह फैसला आया है। जाहिर है, इतनी लंबी अवधि के बाद आए अदालत के फैसले के बाद भी



इंसाफ के प्रति यह उम्मीद कायम रही कि कानून के कठघरे में सब बराबर हैं। अब दोषसिद्धि और अदालत में सजा तय किए जाने के बाद विधायक की विधानसभा सदस्यता खत्म हो सकती है, क्योंकि अगर किसी जनप्रतिनिधि को कोई न्यायालय दो वर्ष से ज्यादा की सजा देती है तो उसकी सदस्यता चली जाती है। हालांकि इस मामले में विधायक की तरफ से ऊंची अदालत में अपील करने की बात कही गई है, मगर एक नाबालिग बच्ची से बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के बाद जैसी परिस्थितियां रहीं, उससे यह सवाल अपनी जगह है कि इसमें फैसला आने में इतना लंबा वक्त क्यों लगा। खबरों के मुताबिक, इस मामले को दबाने के लिए विधायक की ओर से तमाम कोशिशें की गईं। बलात्कार के बाद पीड़िता किशोरी गर्भवती हो गई थी और बाद में उसने बच्ची को भी जन्म दिया। इसके बावजूद, मुकदमा चलने के दौरान पीड़िता को हत्या और गांव से बाहर फेंक देने जैसी अनेक तरह की धमकियां दी गईं और प्रलोभन भी दिया गया। आरोप यहां तक है कि पीड़िता को बालिग करार देने के लिए उसकी जन्मतिथि बढ़वा कर फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र भी बनवा दिया गया। यह कोई छिपी बात नहीं है कि साधारण लोगों के खिलाफ अपराध घटित होने के बाद पुलिस से लेकर प्रशासन के सभी स्तरों पर भेदभावपूर्ण रुख अख्तियार किया जाता है। कई बार पुलिस रसूख वाले अपराधियों के पक्ष में ही काम करती दिखती है और कमजोर तबके के लोगों को कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने से रोकने के लिए तरह-तरह से हतोत्साहित करती है। खासकर ऊंचे कद वाले नेताओं और जनप्रतिनिधियों के आरोपी होने की स्थिति में पुलिस-प्रशासन के काम करने के तौर-तरीके पर्याप्त संवेदनशील नहीं होते। मगर इस मामले में पुलिस ने पाक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पत्रावली प्रस्तुत की थी। लंबी जद्दोजहद के बाद अदालत ने भी विधायक को दोषी पाया और सख्त सजा सुनाई। हैरानी की बात है कि जो नेता आम जनता के सामने उनकी भलाई और कमजोर तबकों के कानूनी अधिकार सुनिश्चित करने के वादे करके उनका वोट हासिल करते हैं, मौका मिलते ही कई बार उनके खिलाफ अपराध करने से भी नहीं चूकते। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# बेहतर कामकाज की उम्मीद

जनप्रतिनिधियों के लिए अलग से विकास निधि की व्यवस्था इस मकसद से की गई थी कि कुछ बुनियादी काम घोषित परियोजनाओं से अलग भी संपन्न कराए जा सकें। चूंकि सांसद, विधायक और पार्षद लगातार लोगों के संपर्क में रहते हैं और वे अपने मुहल्ले, इलाके की बुनियादी समस्याएं उन्हें बताते रहते हैं। ऐसी समस्याओं को परियोजनाएं बना कर निपटाने में काफी वक्त लग सकता है, क्योंकि उनकी एक प्रक्रिया होती है। विधायकों और सांसदों के लिए अलग से निधि की व्यवस्था करने से इसका लाभ भी नजर आया। मुहल्लों की टूटी सड़कों, नालियों, पुलिया, पार्कों में व्यायाम-विश्राम के लिए कुछ बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने आदि में आसानी हो गई। इन कार्यों से लोगों में उत्साह के मद्देनजर और वक्त की बदलती जरूरतों के मुताबिक समय-समय पर सांसद और विधायक निधि में बढ़ोतरी भी की जाती है। अभी दिल्ली सरकार ने विधायक निधि की रकम चार करोड़ से बढ़ा कर सात करोड़ रुपए करने का फैसला किया है। माना जा रहा है कि इससे विधायक अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों का विस्तार कर सकेंगे। इस वित्तवर्ष में बढ़ी हुई राशि के केवल करीब आधे हिस्से यानी सौ करोड़ का आबंटन किया जाएगा। बाकी एक सौ बीस करोड़ रुपए अगले वित्तवर्ष में आबंटित किए जाएंगे। निश्चय ही विधायक निधि बढ़ने से दिल्ली में कुछ बेहतर कामकाज की उम्मीद जगी है। मगर जबसे जन प्रतिनिधियों के लिए विकास निधि के आबंटन की व्यवस्था की गई, तभी से इसमें अनियमितताओं की शिकायतें भी मिलती रही हैं। सांसद, विधायक और पार्षद भी किन्हीं ठेकेदारों, एजंसियों, स्वयंसेवी संगठनों आदि की मदद से अपने इलाकों की समस्याओं, शिकायतों को दूर करने का प्रयास करते हैं। सब जानते हैं कि उनमें कमीशनखोरी चलती है। कई मामलों में अपने करीबी लोगों को उपकृत करने की कोशिशें भी देखी जा चुकी हैं। इसलिए लंबे समय से इस निधि के उपयोग में पारदर्शिता लाने की मांग की जाती रही है। आम आदमी पार्टी अपने कामकाज में ईमानदारी और पारदर्शिता का दावा करते नहीं थकती। मगर विधायक निधि के उपयोग में वह इस पैमाने पर कितनी खरी उतरती है, देखने की बात है। जनप्रतिनिधि अपने हिस्से की निधि का इस्तेमाल अक्सर अपना राजनीतिक जनाधार मजबूत करने के मकसद से भी करते देखे जाते हैं। वे अपने किए कामों पर अपने नाम की पट्टी चिपकाने और उनका ढिंढोरा पीटने से परहेज नहीं करते। आम आदमी पार्टी के विधायक भी इससे अलग नहीं माने जा सकते। कई मौकों पर देखा जा चुका है कि पार्कों में व्यायाम के लिए उपकरण लगाने का श्रेय लूटने को लेकर स्थानीय विधायक और सांसद में रस्साकशी हुई। पिछले कुछ समय से दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच तनातनी के चलते अनेक कामों में बाधा आ रही है। ऐसे में सरकार के लिए यह एक सही रास्ता नजर आया होगा कि विधायक निधि में बढ़ोतरी करके लोगों में अधिक से अधिक काम के जरिए अपनी साख मजबूत की जा सकती है। मगर इसके लिए इरादे नेक होने बहुत जरूरी हैं। पहले ही उसकी कई योजनाएं अनियमितता के आरोपों से घिरी हुई हैं। विज्ञापनों पर बेतहाशा खर्च और छात्रवृत्ति जैसी कुछ लोकलुभावन योजनाओं पर प्रश्नचिह्न लगे हुए हैं। नगर निगम के कर्मचारियों और तदर्थ कर्मियों के वेतन, पारिश्रमिक आदि के भुगतान में देरी को लेकर विवाद खड़े होते रहते हैं।

# आचार्य वसुनंदी ससंघ को 2024 के चातुर्मास के लिए धर्म जागृति संस्थान ने किया श्रीफल भेंट



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रान्त राजस्थान के पदाधिकारियों ने अभिक्षण ज्ञानोपयोगी प. पु. आचार्य वसुनंदी जी महामुनिराज ससंघ को 2024 का चातुर्मास जयपुर में करने हेतु बोलखेड़ा - कामा में श्रीफल भेट कर निवेदन किया ।रविवार को जम्बूस्वामी तपोस्थली बोलखेड़ा में भगवती जैनेश्वरी दीक्षा कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला, महामंत्री सुनील पहाड़िया, संयुक्त महामंत्री संजय बडजात्या, कोषाध्यक्ष पंकज लुहाड़िया, महेश काला, महावीर पाटनी ,सोभाग अजमेरा आदि ने आचार्य श्री का अर्घ्य बोलते हुए निवेदन किया कि जैन नगरी जयपुर को चातुर्मास का सोभाग्य प्रदान कर कृतार्थ करे ।सभी ने पूरे संघ के साथ आर्यिका वर्धस्वनन्दिनी माताजी व नव दीक्षित क्षुल्लिका सुधर्म नन्दिनी माताजी को वन्दन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संरक्षक आर सी गर्ग,वीरेंद्र जैन के अलावा जयपुर के थडी मार्केट मीरामार्ग जनकपुरी आदि स्थानों के भक्त जन भी उपस्थित रहे ।



# आचार्य श्री विवेक सागर जी की प्रेरणा से छोटे-छोटे बच्चों ने की पूजा



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**नसीराबाद।** आचार्य विवेक सागर महाराज की प्रेरणा से समाज के छोटे छोटे बच्चों ने रविवार को आदिनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में अष्ट द्रव्यों से पूजा की। बाहुबली दिगम्बर जैन पाठशाला के बच्चों को संगीता पाटनी, नवनीत बाकलीवाल, नुपुर बाकलीवाल, निधि जमोरिया, बीना गदिया, सीमा बड़जात्या व सोनम सेठी ने देव, शास्त्र व गुरु की पूजा करवाई। बच्चों ने अष्ट द्रव्यो से अर्घ्य चढ़ाये।

# डॉ पथरिया फिजियो आइकॉन अवार्ड से सम्मानित




**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। सेहत साथि फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में नसीराबाद के डॉ रवि पथरिया को फिजियोथैरेपी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर जयपुर होटल आमेर में आयोजित समारोह में फिजियो आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ पथरिया गत 10 वर्षों से नसीराबाद में कार्य करते हुए नसों व हड्डियों की बीमारियों का इलाज कर रहे हैं तथा विशेष दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास का कार्य भी कर रहे हैं।

# मनु दीदी बनी जैन साध्वी क्षुल्लिका सुधर्म नंदनी माताजी

## तपोस्थली बोलखेड़ा पर आचार्य वसुनंदी महाराज ने प्रदान की जैनेश्वरी दीक्षा। परिवारीजन हो उठे भावुक तो माहौल हुआ भावभीना

**कामां. शाबाश इंडिया**





वर्तमान समय में दीक्षा लेना बड़ा ही कठिन कार्य है यू कहे कि काँटो से भरा ताज पहनने के समान है तो कोई अतिश्योक्ति नही होगी किंतु यदि किसी कठिन कार्य को करने की ठान लें तो फिर सरल ही लगने लगता है। जनेश्वरी दीक्षा बिरले ही ले पाते हैं क्योंकि ये संयम का मार्ग है इस पर चलना स्वयं के जीवन को परिवर्तित कर मोक्ष मार्ग की ओर प्रवत्त करना है उक्त प्रवचन जैनाचार्य वसुनंदी महाराज ने जम्बूस्वामी तपोस्थली बोलखेड़ा पर आयोजित दीक्षा समारोह में जैन श्रावकों से व्यक्त किये। तपोस्थली के प्रचार प्रभारी संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि आचार्य संघ के सानिध्य में जैनेश्वरी दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया तो मुरैना की ब्रह्मचारिणी प्रमेया उर्फ मनु दीदी को क्षुल्लिका दीक्षा प्रदान की गई। इस अवसर पर नवदीक्षार्थी के माता पिता बन दीक्षा के संस्कार करवाने का सौभाग्य भूपेंद्र जैन रैना जैन दिल्ली को प्राप्त हुआ तो वहीं नवीन पिच्छिका शशांक जैन आदिति जैन, कमंडलु पुरनचंद राजकुमार जैन अजमेर,जाप्य माला अजय जैन अंजली जैन पश्चिम विहार दिल्ली द्वारा भेंट किए गए तो आचार्य के पाद प्रक्षालन सतीश जैन अनिल कुमार अजय सुभाष चंद ज्योतिनगर,शास्त्र भेंट भागचंद हितेश जैन आकांक्षा जैन सूरत परिवार द्वारा किया गया। मनु दीदी बनी क्षुल्लिका सुधर्म नंदिनी अजमेर में जन्मी वह मुरैना में परणी प्रेमया उर्फ मनु दीदी को आचार्य ने दीक्षा देकर जैन साध्वी क्षुल्लिका सुधर्म नंदिनी माताजी नामकरण किया तो वहीं संघस्थ आर्यिका वर्धस्व नंदनी माताजी ने पंच मुष्ठी केश लौच कर दीक्षा के संस्कार पूर्ण करवाते हुए मनु दीदी के जीवन पर प्रकाश डाला। वैराग्य की ओर जाते हुए देख अपनी मां को आदिति जैन व ननद और उपस्थित परिवारीजनों के अश्रु बह निकले।जम्बू स्वामी तपोस्थली बोल खेड़ा के अध्यक्ष रमेश गर्ग, महामंत्री अरुण जैन बंटी, कोषाध्यक्ष किशोर जैन डीग, उपाध्यक्ष अजय जैन दिल्ली द्वारा अतिथियों का सम्मान भी किया गया। अहिंसक आहार वर्ष फोल्डर का विमोचन हुआ भगवान महावीर के 2550 में निर्माण वर्ष को अहिंसक आहार वर्ष के रूप में घोषित किया गया वही फोल्डर का विमोचन धर्म जागृति संस्थान की राष्ट्रीय महामंत्री इंजीनियर भूपेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष राजकमल सरावगी, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या, प्रदेश अध्यक्ष पदमचंद जैन बिलाला, सुनील पहाड़िया,पंकज लुहाड़िया व पदाधिकारीयों द्वारा किया गया तो वही अन्य पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दूर दराज से स्त्री पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।


# सैनिकों के शौर्य व बलिदान से प्रेरणा लेकर देशहित में दें योगदान: उपायुक्त पार्थ गुप्ता

## पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को किया नमन



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद, सिरसा, विजय दिवस के अवसर पर लघुसचिवालय के सामने शहीदी स्मारक पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर नमन किया। जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों-कर्मचारियों, पूर्व सैनिकों सहित उपस्थित लोगों ने उपायुक्त के साथ वीर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और पुलिस टुकड़ी की ओर से शस्त्र झुका सलामी दी गई। उपायुक्त ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए कहा कि हमें अपने वीर-जवानों के शौर्य व बलिदानों से प्रेरणा लेनी चाहिए। विशेषकर हमारी युवा शक्ति को अपनी ऊर्जा देश व समाज हित में लगानी चाहिए ताकि सभ्य व सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सके। उन्होंने बताया कि विजय दिवस 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध में भारत को मिली जीत की स्मृति में मनाया जाता है। 1971 में आज ही के दिन पाकिस्तान के करीब 93 हजार सैनिकों ने भारतीय सेना के 1500 सैनिकों के समक्ष आत्मसमर्पण किया था जो इतिहास में आज तक का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण माना जाता है। इसके बाद ही पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश के रूप में नया राष्ट्र बनाया गया था। इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित पूर्व सैनिकों से विजय दिवस के संबंध में चर्चा करते हुए जानकारी ली। पूर्व सैनिकों ने बताया कि 16 दिसंबर को 1971 के युद्ध में हमारे सैनिकों ने इतनी बहादुरी से लड़ाई लड़ी कि आखिर में 93 हजार सैनिकों के साथ पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया था। इस अवसर पर गुरसाहिब सिंह, शिवराज सिह, महेंद्र सिंह, सतीश कुमार, विकास, राजबीर, राजा राम, बलराज सिंह, ओमप्रकाश, लालचंद गोदारा, बछीतर सिंह, भीमचंद, लखविंद्र सिंह सहित अन्य मौजिज व्यक्ति भी उपस्थित थे।



# गणेश कुमार राणा की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर श्रमण संस्कृति संस्थान में विनयांजली सभा का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर में संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष गणेश कुमार जी राणा की तृतीय पुण्य तिथि के अवसर पर विनयांजली सभा का आयोजन किया गया, जिसमें श्री गणेश कुमार जी राणा के संस्थान के प्रति समर्पण व कार्यकुशलता के विषय में प्रकाश डाला गया। संस्थान में छात्रों के अलावा अधिष्ठाता एवं प्राचार्य महोदय ने राणा जी के प्रति अपने अनुभव साझा करते हुए अश्रुपूरित विनयांजली प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया, दीप प्रज्वलन संस्थान के अधिष्ठाता, प्राचार्य, उपप्राचार्य, कमेटी सदस्यों एवं संस्थान के अधीक्षकों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में णमोकार मंत्र का उच्चारण करके कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर राणा परिवार द्वारा संस्थान के छात्रों को भोजन कराया गया इसके अतिरिक्त डायलेसिस हेतु राजस्थान अस्पताल में कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान कमेटी के अधिष्ठाता डॉ. जयकुमार जैन, प्राचार्य अरुण कुमार जैन, संस्थान सदस्य मोहित राणा, शैलेन्द्र गोधा, विनोद छाबड़ा, यश पहाड़िया, उपप्राचार्य डॉ. किरण प्रकाश जैन, व्यवस्थापक विकास सिंघई, अधीक्षक राहुल जैन, प्रशांत जैन आदि



# विमर्श जागृति मंच ने स्वास्थ्य शिविर लगाया



**अशोकनगर. शाबाश इंडिया**

राष्ट्रयोगी श्रमणाचार्य भावलिंगी संत श्री विमर्श सागर जी महाराज के आचार्य पदारोहण एवं मुनि दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में विमर्श जागृति मंच परिवार,अशोक नगर द्वारा रविवार को ग्राम झीलां (शाढ़ौरा के पास) में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिससे 325 ग्रामवासी लाभान्वित हुए। राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुभाष जैं केंची ,शाखा अध्यक्ष अनूप बाबू एवं मंत्री संजय सिंघई ने बताया कि इस शिविर में नगर के सुप्रसिद्ध डॉ. डी.के. जैन, डॉ. नीतेश जैन,डॉ.प्रेम विश्वास, डॉ.जिज्ञासा जैन ,डॉ. सुरेंद्र जैन ,डॉ नीलेश जैन, डॉ. शुभम जैन,डॉ.शैलेन्द्र रघुवंशी शाढ़ौरा एवं अन्य सहयोगी स्टॉफ ने 325 से अधिक मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सीय परामर्श दिया। सभी रोगियों को संस्था की और से निशुल्क दवा वितरित की गई। इस स्वास्थ्य शिविर के संयोजक विनोद भारिल्ल थें। सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। शिविर में सरपंच हल्कइया अहिरवार, रणवीर सिंह, मुकेश सिंह,परमाल सिंह, अशोक जैन सहित सहित ग्राम वासियों का पूर्ण सहयोग रहा। ग्रामवासियों के बच्चों को ठण्ड से बचाव हेतु टोपाआदि दिए गए। प्रति वर्ष संस्था द्वारा शिविरो का आयोजन किया जाता है उसी क्रम में यह शिविर आयोजित था।



# लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा जरूरतमंदों को भोजन करवाया



जयपुर. शाबाश इंडिया। रविवार 25 दिसंबर को लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा डिस्ट्रिक्ट के प्रोग्राम प्रसादम के तहत इंदिरा रसोई थड़ी मार्केट, मानसरोवर में 100 लोगों को भोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लॉयन रानी पाटनी, सचिव सुजाता स्वर्णकार, व स्नेह लता उपस्थित रहे।

# जैन समाज की धर्मयात्रा सोनागिरि के लिए हुई रवाना




कामा. शाबाश इंडिया। सकल दिगम्बर जैन समाज कामा के तत्वाधान में सोनागिर जी सिद्ध क्षेत्र के लिए महावीर पार्क से रवाना हुई। जैन समाज कामा के गौरव जैन निक्की ने बताया कि यात्रा को जैन समाज के संरक्षक महावीर प्रसाद जैन और प्रधान सुभाष जैन अगोनिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।यात्रा कामा से मुरैना ज्ञान सागर जी तीर्थ क्षेत्र से ग्वालियर स्वर्ण मंदिर गोपाचल पर्वत से सिद्ध क्षेत्र सोनागिर जी पहुचेगी। ज्ञात रहे कि सोनागिर जी तीर्थ क्षेत्र से नंग अनंग सहित अनेक जैन मुनियों ने मोक्ष प्राप्ति के साथ भगवान चन्द्रप्रभु स्वामी का समवसरण भी आया था। यात्रा में पूर्व प्रधान कपूर चंद जैन, सुभाष जैन, देवेंद्र जैन, अभियंता राकेश जैन, मेडिकल सहित महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे।

# एमआरआई (MRI) और सीटी स्कैन (CT Scan) में क्या अंतर होता है?




**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय
राजस्थान विधानसभा, जयपुर।



एमआरआई (MRI) और सीटी स्कैन (CT Scan) दोनों का ही उपयोग हमारे शरीर के अंदर के अंगो को देखने के लिए किया जाता है। सीटी स्कैन और एमआरआई दोनों ही इमेजिंग (फोटो) जांचे होती हैं।सीटी स्कैन और एमआरआई दोनों ही हमारे शरीर के अंदरूनी अंगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं। एमआरआई का मतलब होता है Magnetic Resonance Imaging और यह एक शक्तिशाली चुम्बक की सहायता से किया जाता है।सीटी स्कैन का मतलब होता है Computed Tomography Scan और इसमें कई सारे X-Ray को मिलाकर एक पिक्चर बनाई जाती है लेकिन लोगों को इनके अंतर के बारे में जानकारी नहीं होती और अधिकतर लोग सीटी स्कैन और एमआरआई को एक ही समझ लेते हैं। डाoपीयूष त्रिवेदी, आयुर्वेद चिकित्सा प्रभारी, राजस्थान विधान सभा जयपुर।

# www.mybharat.gov.in वेब लिंक लॉन्च

जयपुर। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा देश के सभी राज्यों में विभिन्न श्रेणियों जैसे पुलिस और एन.वाई.के.एस. और उद्योग के तहत अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के लिए युवा पोर्टल जिसका वेब लिंक www.mybharat.gov.in लॉन्च किया है ।जिसमें समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना संचालित विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी वह स्वयंसेवकों को अपना पंजीयन करवाना अनिवार्य किया गया है माय भारत पोर्टल पर राजस्थान राज्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों व कार्यक्रम अधिकारियों के पंजीयन पूर्ण करने हेतु विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में दिनांक 11 दिसंबर से 17 दिसंबर 2023 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है वर्तमान में राजस्थान राज्य में 44 विश्वविद्यालयों 635 महाविद्यालयों व 928 सीनियर सेकेंडरी विद्यालयों में कुल 2,15,700 छात्र राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के रूप में पंजीकृत है। आज दिनांक 16 दिसंबर तक 50,000 स्वयंसेवकों का पंजीयन पूर्ण हो चुका है। और से सभी स्वयंसेवकों का पंजीयन दिनांक 17 दिसंबर 2023 तक पूर्ण करने हेतु अथक प्रयास किया जा रहे हैं ।भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्र निदेशालय जयपुर के एस पी भटनागर ने बताया कि युवा पोर्टल पर युवाओं के लिए पंजीयन को विशेष अभियान के अंतर्गत पूर्ण करने हेतु राजस्थान राज्य के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालय में लिखित दूरभाष एवं व्यक्तिगत माध्यम से संपर्क किया जा रहा है जिसमें पंजीयन कार्य में गति प्रदान हो रही है युवा पोर्टल पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के अलावा 15 से 29 वर्ष तक की आयु के अन्य युवा पंजीयन का भी प्रावधान है इस युवा पोर्टल का उद्देश्य देश के युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना व देश के विकास में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना पोर्टल पर पंजीयन करने के बाद युवाओं को व्यवहारिक ज्ञान व क्षमता प्रदान करने हेतु इंटर्नशिप प्रदान करने का भी प्रावधान है।





## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com